# खास-खबरें

## जनसुनवाई में 314 में से 190 आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा आयोजित जनसुनवाई में 314 आवेदकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 190 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण हुआ। जनसुनवाई में राजस्व, सामाजिक न्याय, बिजली, पेयजल, पेंशन, भूमि विवाद, आवास, आर्थिक सहायता, सीमांकन, कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य जनहित से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से खण्ड स्तरीय अधिकारियों को निराकरण के संबंध में निर्देश दिए। जनसुनवाई में नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। भीषण गर्मी को देखते हुए शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की विशेष व्यवस्था भी की गई।

जनसुनवाई में आवेदकों और उनके साथ आए व्यक्तियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। आवेदन लिखने हेतु सहायता केंद्र स्थापित किया गया, जहां जरूरतमंदों को आवेदन तैयार करने में सहयोग मिला। इसके साथ ही आधार कार्ड बनवाने और संबंधित सेवाओं का लाभ देने के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की गई।

# कुबेरेश्वर धाम में गेट नंबर 1 और 2 खोलने की माँग को लेकर दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

▸▸ कुबेरेश्वर धाम के दुकानदार हुए बेरोजगार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** चितावलिया हेमा स्थित कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम की व्यवस्थाओं में आए बदलावों का सीधा असर अब स्थानीय रोजगार पर पडने लगा है। धाम समिति द्वारा मुख्य प्रवेश द्वारों में शामिल गेट नंबर 1 और 2 को पूरी तरह बंद किए जाने से बाहर के छोटे दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। अचानक आई इस बेरोजगारी से गुस्साए दुकानदारों ने मंगलवार सुबह हाथों में तख्तियां लेकर धाम के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और समिति व प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश जताया।

बता दें अब से करीब 3-4 साल पहले कोरोना काल के बाद जैसे ही कुबेरेश्वर धाम देश भर में प्रसिद्ध हुआ, यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। उस समय धाम परिसर के अंदर ठहरने या भोजन की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं थी। इसका सीधा लाभ सीहोर शहर के मुख्य बाजार को मिला। शहर की सभी होटलें चौबीसों घंटे पैक रहने लगीं।




होटल, ढाबा, किराना, कपड़ा और प्रसादी की दुकानों पर ऐतिहासिक ग्राहकी हुई, जिससे शहर का स्थानीय व्यापार अमूल-चूल रूप से फल फूल उठा था।

**धाम के अंदर हुए निर्माण से शहर का बाजार हुआ ठपः** धीरे-धीरे कुबेरेश्वर धाम की व्यवस्थाओं का विस्तार हुआ और पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा परिसर के भीतर ही बड़े पैमाने पर कमरों और अन्य सुविधाओं का निर्माण करा दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि देश भर से आने वाले श्रद्धालु अब सीधे धाम परिसर पहुंचने लगे और वहीं रुकने लगे। श्रद्धालुओं के शहर न आने के कारण सीहोर शहर के मुख्य बाजार पर कुबेरेश्वर धाम का प्रभाव पूरी तरह समाप्त हो गया और शहर के व्यापारियों की ग्राहकी ठप पड़ गई।


**अब धाम के बाहर के गरीब दुकानदार भी हुए बेरोजगारः** शहर से व्यापार पूरी तरह कटने के बाद कई गरीब और स्थानीय परिवारों ने कुबेरेश्वर धाम के मुख्य द्वारों (गेट नंबर 1 और 2) के बाहर अस्थाई और छोटी-मोटी दुकानें संचालित कर अपने परिवार का भरण-पोषण शुरू किया था। लोगों ने कर्ज उठाकर पूजा सामग्री, जल, चाय-नाश्ते की दुकानें सजाई थीं। लेकिन अब धाम समिति ने परिसर के अंदर खुद पक्की दुकानों का निर्माण करा दिया है और उन्हें किराए पर दे दिया है। दुकानदारों का सीधा आरोप है कि अंदर की दुकानों को फायदा पहुंचाने और अपनी कमाई बढ़ाने के चक्कर में समिति ने गेट नंबर 1 और 2 को पूरी तरह बंद कर दिया है। इस रास्ते से श्रद्धालुओं की आवाजाही बंद होते ही बाहर सन्नाटा पसर गया है और दुकानदार बेरोजगार हो गए हैं।

**पंडित जी से गुहार भी रही बेअसरः** दुकानदारों ने बताया कि इस संकट को लेकर वे पिछले दिनों खुद कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से मिले थे और हाथ जोड़कर बच्चों के भूखे मरने की नौबत आने की बात कही थी। परंतु इस अर्जी के बाद भी गेट नहीं खोले गए, जिससे मजबूर होकर आज दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्हें सडक़ों पर उतरना पड़ा। 'हमें रोजगार दो' और 'गेट नंबर 1-2 तुरंत चालू करो' के नारों के साथ दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि समिति ने अपनी मनमानी बंद कर दोनों मुख्य द्वार आम श्रद्धालुओं के लिए दोबारा नहीं खोले तो वे अपने परिवारों और बच्चों के साथ उग्र आंदोलन और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को विवश होंगे।

# एक किलो एमडी ड्रग्स के साथ नागपुर और बिहार के आरोपी गिरफ्तार

▸▸ आगर रोड पर नाकेबंदी कर दबोचे दो बड़े तस्कर

▸▸ गिरोह के दो अन्य सदस्यों की तलाश तेज



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क को करारा झटका देते हुए दो बड़े अंतरराज्यीय तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस की विशेष टीम ने सूचना के आधार पर आगर रोड स्थित गरोठ पुल के नीचे पुख्ता नाकेबंदी की। इस दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर जब उसकी बारीकी से तलाशी ली गई, तो उसके भीतर छुपाकर रखा गया एक बैग मिला। इस बैग से एक किलोग्राम घातक और प्रतिबंधित एमडी ड्रग्स बरामद की गई। पुलिस ने फौरन वाहन को जब्त करते हुए मौके से नागपुर के रहने वाले पंकज चरडे और बिहार के निवासी अमित तिवारी को हिरासत में ले लिया।

इस बड़ी कामयाबी की जानकारी साझा करते हुए पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि पकड़े गए तस्कर मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले से नशे की यह बड़ी खेप लेकर आ रहे थे। वे इस माल को महाराष्ट्र के नागपुर में ले जाकर ऊंचे दामों पर सप्लाई करने की फिराक में थे, लेकिन उज्जैन में ही पुलिस के जाल में फंस गए। पकड़े गए आरोपियों के पास से नशीले पदार्थ के अलावा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही लग्जरी कार और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस कप्तान ने बताया कि बरामद की गई इस हाई-प्रोफाइल ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 15 लाख रुपए से अधिक है।

पुलिस अब इस बात का पता लगा रही है कि इस नेटवर्क के तार और कहां-कहां जुड़े हैं। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, इस काले कारोबार में शामिल दो अन्य आरोपियों के नाम भी सामने आए हैं, जो फिलहाल पुलिस की भनक लगते ही फरार हो गए। उनकी धरपकड़ के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उज्जैन पुलिस पवित्र नगरी को पूरी तरह नशामुक्त करने के संकल्प के साथ काम कर रही है, जिसके चलते पिछले एक साल के भीतर ही ड्रग माफियाओं पर कड़ा शिकंजा कसते हुए दो करोड़ रुपए से ज्यादा मूल्य के अलग-अलग नशीले पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं।

**हाई-टेक तस्करों का मोबाइल डेटा खंगाल रही पुलिसः** पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों आरोपियों से अब बंद कमरे में पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मंदसौर में उन्हें यह ड्रग्स किसने सप्लाई की थी। पुलिस आरोपियों के पास से मिले मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और व्हाट्सएप चैट का पूरा एक्स-रे निकाल रही है। अधिकारियों को अंदेशा है कि इस रैकेट के पीछे कुछ और बड़े नाम सामने आ सकते हैं। फरार चल रहे दो अन्य आरोपियों को दबोचने के लिए साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है।

# सहकारी संस्था में अभिलेख नहीं मिलने पर जांच तेज, प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** प्राथमिक सहकारी संस्था मर्यादित बरेली में अभिलेखों के प्रस्तुत नहीं किए जाने और नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर प्रशासनिक जांच तेज हो गई है। कलेक्टर के निर्देश पर गठित टीम ने सोमवार को संस्था से जुड़े दस्तावेजों की जांच के लिए कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा एवं उपायुक्त सहकारिता के निर्देश पर जब्ती अधिकारी रोहित यादव, प्रशासक सौरव राजपूत तथा अंकेक्षण अधिकारी अशोक शर्मा ने प्राथमिक सहकारी संस्था मर्यादित बरेली के पूर्व प्रबंधक रामकुमार भार्गव के निवास पहुंचकर पुराने अभिलेखों की मांग की। अधिकारियों के अनुसार कई माह से रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन अब तक संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।

शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि सेवानिवृत्ति के दौरान समिति के कुछ सदस्यों को पूरी जानकारी दिए बिना नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया पूरी की गई। मामले की शिकायत समिति सदस्यों और किसानों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से की गई थी, जिसके बाद जांच शुरू की गई।

जांच दल को कार्रवाई के दौरान भी आवश्यक पुराने अभिलेख उपलब्ध नहीं हो सके। इसके बाद अधिकारियों ने जांच प्रतिवेदन तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगामी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान समिति प्रबंधक शिवम तिवारी भी उपस्थित रहे।

# महिला कांग्रेस की बैठक में संगठन सशक्त करने का संकल्प



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** महिला कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की। इस दौरान महिलाओं को कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया।

बैठक में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पूर्व जिला कांग्रेस महामंत्री राजू महेश्वरी, महासचिव फरजाना खान, जिला प्रभारी महक राणा, जिला कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष पवित्र कौर, जनपद सदस्य अरुण शर्मा, डॉ. जीसी गौतम, प्रभात चावला तथा उमर खान सहित जिले भर से महिला पार्षद एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शीतल मेटल इंडस्ट्रीज में हादसाः साइट विजिट पर पहुंचे युवक की छत से गिरकर मौत

**देवास।** राजवाड़ा रोड स्थित शीतल मेटल इंडस्ट्रीज कंपनी में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभिषेक चौहान पिता गोविंद चौहान निवासी नागदा के रूप में हुई है। हादसे के बाद परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कंपनी परिसर के बाहर हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिषेक चौहान एक निजी बैंक में कलेक्शन का कार्य करता था। उसके पिता गोविंद चौहान सोलर प्लांट लगाने का कार्य करते हैं। मंगलवार को उनकी साइट शीतल मेटल इंडस्ट्रीज कंपनी में अभिषेक अपने पिता की सोलर पैनल की साइट का निरीक्षण करने कंपनी पहुंचा था। इसी दौरान वह कंपनी की छत पर लगे चद्दर शेड (टीन शेड) से अचानक नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल और बाद में कंपनी परिसर पहुंच गए।

# नीट पेपर लीक के विरोध में युवाओं ने मशाल जुलूस निकाला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर युवाओं का आक्रोश अब सड़कों पर दिखाई देने लगा है।सोमवार शाम भैरूंदा में कांग्रेस और एनएसयूआई के नेतृत्व में युवाओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।




प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई।एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के आह्वान पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव राजेंद्र पंवार 'बिट्टू' तथा बुधनी विधानसभा अध्यक्ष दुर्गेश पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। मोती विहार कॉलोनी से शुरू हुआ मशाल जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ दुर्गा मंदिर चौराहा स्थित विजय स्तंभ पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान युवाओं ने हाथों में मशाल लेकर नारेबाजी की और परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नेताओं ने आरोप लगाया कि पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों विद्यार्थियों की मेहनत और विश्वास को झटका पहुंचाया है।उनका कहना था कि बार-बार सामने आ रही ऐसी घटनाएं युवाओं के भविष्य को संकट में डाल रही हैं, जबकि सरकार इस मामले में प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रही है।एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में छात्र खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने नीट परीक्षा से जुड़ी घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे मामलों से छात्रों और उनके परिवारों पर गंभीर मानसिक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की तथा परीक्षा आयोजन से जुड़ी एजेंसियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की बात कही। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियां चिंताजनक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने में असफल रही है और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखा रही है।

## स्वरोजगार के लिए साढ़े 4 लाख का ऋण वितरित

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं का इंटरव्यू लिया गया तथा योग्यता अनुसार चयन किया गया। रोजगार मेले में 346 युवाओं ने पंजीयन कराया और 14 कंपनियों द्वारा 304 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। जिला व्यापार उद्योग केंद्र द्वारा उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत स्वरोजगार के लिए हितग्राहियों को 4 लाख 50 हजार रूपये का ऋण वितरित किया गया।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अंकसूची में त्रुटिवश मेरा नाम SIMRAN KUSHWAHA अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम SIMRAN SANTOSH KUSHWAHA है। जो आधार कार्ड में अंकित है। अतः मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना, पहचाना, बोला व पढ़ा जावे।

भवदीय-
SIMRAN SANTOSH KUSHWAHA
HOUSE N. 58. SANKHEDA
NAKA ISHAN TOWN ITARSI

AG

**MADHYA PRADESH JAL NIGAM**
(A Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
Office of General Manager, Project Implementation Unit (Sehore)
Luniya Square, Old Jila Panchayat Office, Sehore-466001
E-mail : gmsehore.jalnigam@mp.gov.in

No. 20530/2026/MPJNM — Sehore, Dated : 08.06.2026

**RECALL- NOTICE INVITING E-TENDER**

NIT No. 03/Proc./MPJNM/2025-26 — Sehore, Dated : 25.03.2026

Madhya Pradesh Jal Nigam, PIU Sehore invites online Tender for hiring vehicles on rent on monthly, daily, and per-kilometre rates at the office of Madhya Pradesh Jal Nigam, PIU Sehore through Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.

| NIT No. | Details | Estimated Cost (excluding GST) In Lakh | Earnest Money Deposit (EMD) | Tender Cost | Duration (Months) |
|---|---|---|---|---|---|
| 03/Proc./MPJNM/2025-26 | Tender for Hiring of vehicles registered under Taxi Quota at the PIU office on monthly, daily & per-kilometre basis for PIU MPJNM, Sehore | 20.25 Lac | 40,500/- | 2000/- | 12 Months |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal **from 10.06.2026, 17:30 Hrs.** Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.
M.P. Government E-Procurement **Portal - https://mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/126271/2026 — **GENERAL MANAGER**

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक : 264/यांत्रिकी/पविनि/26 — दिनांक : 09.06.2026

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.सू. क्र./सिस्टम आई.डी./कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रु. लाख में |
|---|---|---|
| 1. | 220/2026_STDC_514415_1/Construction of 5 additional classroom, 3 No. Lab, internal road, boundary, Gate Toilet block & renovation works at Govt. H.S. school Phandakalan. Completion month 15 | 212.86 |
| 2. | 221/2026_STDC_514416_1/Construction of 6 additional classroom, 2 No. Lab, internal road, Boundary, Toilet block & renovation works at Govt. H.S. school Malikhedi. Completion month 12 | 178.68 |
| 3. | 222/2026_STDC_514417_1/Construction of 4 additional classroom, 1 library, internal road, boundary gate, renovation and toilet work at Govt. HS school Shahpur. Completion month 12 | 161.21 |
| 4. | 223/2026_STDC_514418_1/Construction of 3 Additional Classroom, Toilet Block, Boundary Wall & renovation works at Government Higher Secondary School, Naysamand, Berasia. Completion month 08 | 67.63 |
| 5. | 224/2026_STDC_514420_1/Construction of 3 Additional Classroom, Toilet Block, Boundary Wall & renovation woks at Government Higher Secondary School, Sarojini Naidu Girls School, Berasia. Completion month 08 | 61.62 |
| 6. | 225/2026_STDC_514421_1/Construction of 2 Additional Classroom, Toilet Block, Boundary Wall & renovation works at Shaskiya Uchch Madhyamik Vidyalaya Sohaya, Berasia. Completion month 06 | 44.39 |
| 7. | 226/2026_STDC_514422_1/Construction of 2 Additional Classrooms, Toilet Block. Boundary Wall & renovation works at Govt. Higher Secondary School, Jamusar Kalan, Berasia. Completion month 05 | 30.41 |
| 8. | 227/2026_STDC_514423_1/Construction of 2 Additional Classroom, Boundary Wall & renovation work at Government Higher Secondary School, Kalara-Gunga, Berasia. Completion month 05 | 27.48 |
| 9. | 228/2026_STDC_514424_1/Construction of 2 Additional Classroom, Toilet Block, Boundary Wall & renovation works at Govt. H.S. Bawachia, Bawachia, Berasia. Completion month 05 | 24.33 |
| 10. | 229/2026_STDC_514440_1/Construction of 2 Additional Classroom, Toilet Block, Boundary Wall & renovation works at Govt. Higher Secondary School, Kadiya Chanwar, Berasia. Completion month 05 | 24.25 |

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 01.07.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 12.06.2026 से देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/126291/2026 — **कार्यपालन यंत्री**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक नजूल वृत्त एम.पी. नगर, भोपाल**
क्र. /सीमांकन/2026/क्यू. भोपाल दि. 4.06.2026
**सूचना-पत्र**

**प्रति,** 1.प्रताप सिंह पिता मरदन सिंह, 2. श्री रूपसिंह पिता रामसिंह, मोहताब बादाम, 3. श्री खुमान सिंह शारदा बाई, आ. स्व. रामसिंह, 4. श्री ओंकार सिंह पिता स्व. हीरालाल, 5. श्री मोहन बाई पत्नी स्व. हीरालाल, 6. सुषमा बाई, सरजूबाई, रूकमणी बाई, मंजू बाई, सुनीता बाई। न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी नगर जिला भोपाल के निवासी आदेशानुसार आवेदक श्री गोपाल प्रकाश व सुमित प्रकाश नि. भोपाल की ग्राम खजूरीकलां प.ह.न. 100 में स्थित भूमि खसरा 200/1, रकबा 2.7926 हे. सीमांकन की कार्यवाही हेतु दिनांक 12/6/26 नियत की गई है आप सर्व संबंधित/ विक्रेता/ पड़ोसी कृषक मौके पर भूमि से संबंधित दस्तावेज लेकर उपस्थित रहे। भू-खंड विक्रेता स्वयं स्थिति स्पष्ट करने हेतु मौके पर उपस्थित रहे। आवेदक बटांक हेतु आवश्यक झण्डीयां, बांस, मौके पर उपलब्ध करावे। कार्यवाही राजस्व निरीक्षक/ संबंधित हल्का पटवारी/गठित टीम व्दारा किया जायेंगा। सूचना-पत्र तामिली के हस्ताक्षर कर सूचित होवें। सूचना तामिली बाद अनुपस्थिती की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। पटवारी हल्का नं. 100 यह सूचना पत्र कोटवार के माध्यम से तामिल करवाकर वापिस करें। एवं नियत दिनांक 2/06/26 को अभिलेख एवं बन्दोबस्ती नक्शा शीट साथ लेकर कोटवार सहित उपस्थित रहकर सीमांकन आदेश का पालन सुनिश्चित करें। विशेष परिस्थितियो में बटांक तारीख में बदलाव किया जा सकता है ।

**राजस्व निरीक्षक**
**नजूल वृत्त एम.पी. नगर, भोपाल**

561

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक नजूल वृत्त एम.पी. नगर, भोपाल**
क्र. /सीमांकन/2026/क्यू. भोपाल दि. 4.06.2026
क्र. 0236/अ-12/25-26
ग्राम नाम-खजूरी कला
**सूचना-पत्र**

**प्रति,** 1. श्री रूपसिंह पिता सरदार सिंह, 2. श्री मुल्लो बाई पति रामसिंह मेहताब, 3. श्री खुमान सिंह शारदा बाई, आ. स्व. रामसिंह, 4. श्री ओंकार सिंह पिता स्व. हीरालाल, 5. श्री मोहन बाई पत्नी स्व. हीरालाल, 6. सुषमा बाई, सरजूबाई, रूकमणी बाई, मंजू बाई, सुनीता बाई। न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी नगर जिला भोपाल के निवासी आदेशानुसार आवेदक श्री. सपना प्रकाश व गोपाल प्रकाश नि. भोपाल की ग्राम खजूरीकलां प.ह.न. 100 में स्थित भूमि खसरा 258/1, 258/2 रकबा 3.8075, 2.012 हे. सीमांकन की कार्यवाही हेतु दिनांक 12/6/26 नियत की गई है आप सर्व संबंधित/ विक्रेता/ पड़ोसी कृषक मौके पर भूमि से संबंधित दस्तावेज लेकर उपस्थित रहे। भू-खंड विक्रेता स्वयं स्थिति स्पष्ट करने हेतु मौके पर उपस्थित रहे। आवेदक बटांक हेतु आवश्यक झण्डीयां, बांस, मौके पर उपलब्ध करावे। कार्यवाही राजस्व निरीक्षक/ संबधित हल्का पटवारी/गठित टीम व्दारा किया जायेंगा। सूचना-पत्र तामिली के हस्ताक्षर कर सूचित होवें। सूचना तामिली बाद अनुपस्थिती की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। पटवारी हल्का नं. 100 यह सूचना पत्र कोटवार के माध्यम से तामिल करवाकर वापिस करें। एवं नियत दिनांक 2/06/26 को अभिलेख एवं बन्दोबस्ती नक्शा शीट साथ लेकर कोटवार सहित उपस्थित रहकर सीमांकन आदेश का पालन सुनिश्चित करें। विशेष परिस्थितियो में बटांक तारीख में बदलाव किया जा सकता है ।

**राजस्व निरीक्षक**
**नजूल वृत्त एम.पी. नगर, भोपाल**

562

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक नजूल वृत्त एम.पी. नगर, भोपाल**
क्र. /सीमांकन/2026/क्यू. भोपाल दि. 4.06.2026
क्र. 0257/अ-12/25-26
ग्राम नाम-खजूरी कला
**सूचना-पत्र**

**प्रति,** 1. श्री रूपसिंह पिता सरदार सिंह, 2. श्री मुल्लो बाई पति रामसिंह मेहताब, 3. श्री औजार सिंह पिता हीरालाल, 4. श्री मोहन बारे पत्नी स्व. अमरसिंह, सुरेश सिंह, सुषमा बाई, सरजूबाई, रूकमणी बाई। न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम् पी नगर जिला भोपाल के निवासी आदेशानुसार आवेदक श्री. राजकुमारी व सुमन कुमार नि. भोपाल की ग्राम खजूरीकलां प.ह.न. 100 में स्थित भूमि खसरा 4.6298 के सीमांकन की कार्यवाही हेतु दिनांक 12/6/26 नियत की गई है आप सर्व संबंधित/ विक्रेता/ पड़ोसी कृषक मौके पर भूमि से संबंधित दस्तावेज लेकर उपस्थित रहे। भू-खंड विक्रेता स्वयं स्थिति स्पष्ट करने हेतु मौके पर उपस्थित रहे। आवेदक बटांक हेतु आवश्यक झण्डीयां, बांस, मौके पर उपलब्ध करावे। कार्यवाही राजस्व निरीक्षक/ संबधित हल्का पटवारी/गठित टीम व्दारा किया जायेंगा। सूचना-पत्र तामिली के हस्ताक्षर कर सूचित होवें। सूचना तामिली बाद अनुपस्थिती की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। पटवारी हल्का नं. 100 यह सूचना पत्र कोटवार के माध्यम से तामिल करवाकर वापिस करें। एवं नियत दिनांक 2/06/26 को अभिलेख एवं बन्दोबस्ती नक्शा शीट साथ लेकर कोटवार सहित उपस्थित रहकर सीमांकन आदेश का पालन सुनिश्चित करें। विशेष परिस्थितियो में बटांक तारीख में बदलाव किया जा सकता है ।

**राजस्व निरीक्षक**
**नजूल वृत्त एम.पी. नगर, भोपाल**

563

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक नजूल वृत्त एम.पी. नगर, भोपाल**
क्र. /सीमांकन/2026/क्यू. भोपाल दि. 4.06.2026
ग्राम नाम-खजूरी कला
**सूचना-पत्र**

**प्रति,** 1. न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी. नगर जिला भोपाल के आदेशानुसार आवेदक श्री निर्मला देवी व सुरेश कुमार निवासी खजूरी कला की ग्राम खजूरी कलां प.ह.नं. 100 में स्थित भूमि खसरा नं. 454/9 रकवा 0.0939 हे. के सीमांकन की कार्यवाही हेतु दिनांक 12/06/26 नियत की गई है। आप सर्व संबंधित / विक्रेता / पड़ौसी कृषक मौके पर भूमि से संबंधित दस्तावेज लेकर उपस्थित रहें। भू-खण्ड विक्रेता स्वयं स्थिती स्पष्ट करने हेतु मौके पर उपस्थित रहे। आवेदक सीमांकन हेतु आवश्यक झण्डीयां, बांस, मौके पर उपलब्ध करावे। कार्यवाही राजस्व निरीक्षक / संबधित हल्का पटवारी /गठित टीम द्वारा किया जायेंगा। सूचना-पत्र तामिली के हस्ताक्षर कर सूचित होवें। सूचना तामिली बाद अनुपस्थिती की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। पटवारी हल्का नं. 100 यह पत्र कोटवार के माध्यम से तामिल करवाकर वापिस करें एवं नियत दिनांक 12/06/26 समय- 2 बजे को अभिलेख एवं बन्दोबस्ती नक्शा शीट साथ लेकर कोटवार सहित उपस्थित रहकर सीमांकन आदेश का पालन सुनिश्चित करें। विशेष परिस्थितियो में सीमांकन तारीख में बदलाव किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**नजूल वृत्त एम.पी. नगर, भोपाल**

564

**न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी. नगर भोपाल**
(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)
प्रकरण क्रमांक- 0281/अ-6/2026-27
**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री प्रदीप सिंह आ. स्व. श्री देवनारायण सिंह निवासी- म.न. 290, एन/2, डी-सेक्टर, बरखेड़ा भेल भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा ग्राम खजूरी कलां तहसील- हुजूर जिला भोपाल स्थित खसरा क्रमांक 172/1/1 (वर्तमान खसरा 172/3/1/1/1) प्लाट नंबर सी-39 रकबा 900 3242/3 दिनांक 13/01/2015 के आधार पर वर्गफीट भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 07 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 08/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया

**तहसीलदार**
**नजूल एम.पी. नगर वृत्त भोपाल**

565